# Hindi Sample Paper - 10

SECTION-IA : **हिन्दी**

1. **'मुहावरा' शब्द किस भाषा का शब्द है?**
   (a) अरबी (b) उर्दू
   (c) फारसी (d) हिन्दी
2. **'ऐ' के उच्चारण में .... और ........ की सहायता ली जाती है।**
   **रिक्त स्थान हेतु सही विकल्प चुनें–**
   (a) दन्त, ओष्ठ (b) छंद, तालु
   (c) इचयश, तालु (d) कण्ठ, तालु
3. **जिन वर्णों का उच्चारण स्वतंत्र होता है उन्हें .......... कहते हैं–**
   (a) व्याकरण (b) बोली
   (c) व्यंजन (d) स्वर
4. **निम्नलिखित वाक्यों में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है?**
   (a) न्यायालय ने उसको निर्दोष बनाया
   (b) निरपराधी को दंड देना उचित नहीं है
   (c) न्यायालय ने उसको अपराधी लगाया
   (d) न्यायालय ने उसको निर्दोषी ठहराया
5. **प्रस्तुत विकल्पों में से लोकोक्ति को पहचानिए–**
   (a) तिल का लड्डू बनाना
   (b) घाट-घाट का जूस पीना
   (c) टेढ़ी उँगली से अचार निकालना
   (d) आ बैल मुझे मार
6. **हिन्दी साहित्य की प्रथम कहानी का नाम क्या है?**
   (a) इन्दुमती
   (b) प्रेम सागर
   (c) रानी केतकी की कहानी
   (d) आकाशदीप
7. **जहाँ एक ही शब्द एक से अधिक बार आए तथा भिन्न-भिन्न अर्थ हों वहाँ कौन-सा अलंकार होता है?**
   (a) श्लेष
   (b) अनुप्रास
   (c) यमक
   (d) अर्थालंकार
8. **निम्नलिखित में से कौन-सा भाषा का मौखिक रूप है?**
   (a) पत्र (b) परियोजना
   (c) निबन्ध (d) परिचर्चा
9. **सन् 1955 में साहित्य अकादमी पुरस्कार किसे प्रदान किया गया था?**
   (a) भगवती चरण वर्मा
   (b) अमृत राय
   (c) अज्ञेय
   (d) इनमें से किसी को नहीं
10. **'गबन' किस रचनाकार की रचना है?**
    (a) श्याम सुन्दर दास
    (b) रामचन्द्र शुक्ल
    (c) मुंशी प्रेमचन्द
    (d) इनमें से कोई नहीं
11. **सही शब्द को पहचानिए–**
    (a) सड्यंत्र (b) षड्यंत्र
    (c) षड्यत्र (d) षड्यंत्र
12. **इनमें से कौन-सा अर्थालंकार का भेद नहीं है?**
    (a) अतिश्योक्ति (b) यमक
    (c) रूपक (d) उपमा
13. **'वह खाता होगा' इस वाक्य की क्रिया किस काल की है?**
    (a) सामान्य भविष्य काल
    (b) संभाव्य भविष्य काल
    (c) संदिग्ध भूतकाल
    (d) संदिग्ध वर्तमान काल
14. **''प्रश्न चिह्नों में उठी हैं, भाग्य-सागर की हिलोरें।''**
    **इस काव्य-पंक्ति में कौन-सा अलंकार प्रयुक्त है?**
    (a) अनुप्रास (b) रूपक
    (c) यमक (d) उपमा
15. **'पाठक' शब्द का बहुवचन क्या है?**
    (a) पाठक लोग
    (b) पाठकगण
    (c) पाठक जन
    (d) पाठक समूह
16. **''वह जल्दी चला गया ......... ट्रैन पकड़ सके।''**
    **रिक्त स्थान हेतु उचित विकल्प चुनिए–**
    (a) ताकि (b) और
    (c) इसलिए (d) कि
17. **इन शब्दों में से कौन-सा शब्द 'चन्द्रमा' का समानार्थी है?**
    (a) इन्दु (b) रश्मि
    (c) अंशु (d) दिनेश
18. **कौन-सी पत्रिका के सम्पादक महावीर प्रसाद द्विवेदी थे?**
    (a) सरस्वती
    (b) ब्रह्मा
    (c) हिन्दी प्रदीप
    (d) विशाल भारत
19. **'विघ्न' का समानार्थी शब्द है .......।**
    **रिक्त स्थान हेतु सही विकल्प चुनें–**
    (a) दु:ख (b) मुष्किल
    (c) मुसीबत (d) अंतराय
20. **''बाँगरु'' भाषा ज्यादातर कौन-से राज्य में बोली जाती है?**
    (a) बिहार (b) कर्नाटक
    (c) हरियाणा (d) तमिलनाडु
21. **निम्न में से 'गुरु' शब्द का स्त्रीलिंग कौन-सा है?**
    (a) गुरुवती (b) गुरुआइन
    (c) गुरुआनी (d) गुरुनी
22. **'दूर के ढोल सुहावने लगना।' इस मुहावरे का सही अर्थ बताइए–**
    (a) ढोल की ध्वनि दूर से ही अच्छी सुनाई पड़ती है।
    (b) अनदेखी वस्तु भाना।
    (c) कानों सुनी बात पर विश्वास करना।
    (d) परनिन्दा अच्छी लगना
23. **'खिलौना' शब्द का मूलशब्द है ..... ..... और प्रत्यय है ..........।**
    **रिक्त स्थान हेतु सही विकल्प चुनें–**
    (a) खेलना + औना
    (b) खिल + औना
    (c) खिलना + औना
    (d) खेल + औना

**24. इनमें कौन-सा शब्द 'वायु' का समानार्थी शब्द नहीं है?**
(a) अनिल (b) मारुत
(c) समर (d) समीर

**25. भाषा के क्षेत्रीय रूप को क्या कहा जाता है?**
(a) बोली (b) राष्ट्रभाषा
(c) राज्य भाषा (d) साहित्य

**26. कौन-सा शब्द 'नवीन' शब्द का विरुद्धार्थी है?**
(a) नया (b) पुरातन
(c) प्राचीन (d) पुराना

**27. ''ढ वर्ण का उच्चारण स्थान है ..... ... और वर्ग ........ है।''**
**रिक्त स्थान हेतु सही विकल्प चुनें–**
(a) ट वर्ग, दूसरा
(b) त वर्ग, चौथा
(c) ट वर्ग, तीसरा
(d) ट वर्ग, चौथा

**28. 'कलम' शब्द का बहुवचन बताइए–**
(a) कलमें
(b) अनेक कलम
(c) कलम
(d) इनमें से कोई नहीं

**29. प्रयुक्त शब्दों में से कौन-सा शब्द एकवचन नहीं है?**
(a) व्यथा (b) सत्य
(c) दर्शन (d) वर्षा

**30. ''थोड़ा-सा दूध गरम कर दो।'' इस वाक्य में विशेषण का कौन-सा भेद है?**
(a) गुणवाचक
(b) सार्वनामिक
(c) अनिश्चित परिमाणवाचक
(d) निश्चित संख्यावाचक

**निर्देश- ( 31 से 33 ) नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा संबंधित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

बहुत से लोगों से मित्रता करना भी ठीक नहीं है क्योंकि सच्ची और आदर्श मैत्री एक-दो से ही संभव है। यह भी ध्यान रखना चाहिए कि किसी को भी अपने प्रेम और विश्वास में लेने से पहले खूब जाँच-परख लेना चाहिए और फिर धीरे-धीरे निरंतर अपने प्रेम को प्रगाढ़ता प्रदान करते रहना चाहिए। प्रसिद्ध विद्वान ड्यूमाज का पक्की मित्रता का मंत्र बताते हुए कहना है कि मनुष्य जो स्वयं करे, उसे भूल जाए और उसका मित्र उसे सदैव याद रखे। मित्रता का यही आधार है। मिलने पर मित्र का आदर करना, पीठ पीछे उसकी प्रशंसा करना तथा आवश्यकता के समय उसकी सहायता करना ही मित्रता को स्थाई करने का मंत्र है।

**31. गद्यांश का उपयुक्त 'शीर्षक' चुनिए–**
(a) मित्रता का आधार
(b) मित्र
(c) प्रेम और विश्वास
(d) सच्ची मित्रता

**32. 'प्रशंसा' शब्द का विलोम है-**
(a) बुराई (b) निंदा
(c) आलोचना (d) आदर

**33. ड्यूमाज ने मित्रता का क्या मंत्र बताया है।**
(a) अपने द्वारा की गई भलाई का बयान रखना।
(b) मित्र द्वारा की गई भलाई को भूल जाना।
(c) अपने द्वारा की गई भलाई को याद रखना।
(d) मित्र द्वारा की गई भलाई को सदैव याद रखना।

**34. 'धूमिल' शब्द का विपरीत शब्द क्या है?**
(a) स्वच्छ (b) चमकीला
(c) धुंधला (d) उज्ज्वल

**35. ''चौथा व्यक्ति ज्यादा होशियार है।'' इस वाक्य में 'चौथा' क्या है?**
(a) क्रिया विशेषण
(b) संख्यावाचक विशेषण
(c) गुणवाचक विशेषण
(d) उपर्युक्त तीनों

**36. ''........... हो तो प्रकाश को कौन पूछे।'' रिक्त स्थान हेतु उचित विकल्प चुनिए–**
(a) धुंधला (b) अंधकार
(c) अँधेरा (d) उजाला

**37. हिन्दी के स्थान पर अंग्रेजी को सन् 1855 में भारत की शिक्षा और प्रशासन की भाषा के रूप में किसने स्थापित किया?**
(a) वॉरेन हेस्टिंगस
(b) लॉर्ड मिंटो
(c) लॉर्ड मैकाले
(d) जॉन एडम्स

**38. अलंकार के मुख्यतः भेद निम्न में से कौन-से माने जाते हैं?**
(a) भावालंकार, मिश्रालंकार तथा उभयालंकार।
(b) शब्दालंकार, अर्थालंकार तथा रसालंकार।
(c) शब्दालंकार, अर्थालंकार तथा मिश्रालंकार।
(d) शब्दालंकार, अर्थालंकार तथा उभयालंकार।

**39. 'खिसियानी बिल्ली खम्भा नोचे' इस लोकोक्ति का सही उत्तर लिखिए–**
(a) किसी बात पर क्रोध करना
(b) अपने से बड़ों पर क्रोध करना
(c) कायरतापूर्ण व्यवहार करना
(d) खिसियाया हुआ व्यक्ति अपनी खीज या गुस्सा दूसरों पर निकालता है।

**40. 'विधात्री' शब्द का पुल्लिंग बताइए–**
(a) धात्रा (b) विधाता
(c) नेता (d) दाता

**41. 'गरीबों' की सहायता करो। वाक्य में 'गरीब' शब्द क्या है?**
(a) विशेषण
(b) विशेष्य
(c) जातिवाचक संज्ञा
(d) भाववाचक संज्ञा

**42. निम्नलिखित में से किस वाक्य में सर्वनाम का प्रयोग हुआ है?**
(a) आज बरसात होगी
(b) मैं कल दिल्ली जा रहा हूँ
(c) घर का काम कर लो
(d) सीमा और रीमा बहने हैं

**43. 'अंक' शब्द के अनेकार्थी शब्द-समूह का चयन कीजिए-**

(a) अंग, गोदी, हिस्सा
(b) गोद, संख्या, अध्याय
(c) संख्या, भाग, टुकड़ा
(d) अध्याय, समय, अवस्था

**44. इस प्रश्न में स्वर या मात्रा की दृष्टि से शब्द को अशुद्ध रूप में लिखा गया है। नीचे दिए गए चार विकल्पों में से शुद्ध रूप चुनिए-**

(a) इच्छादुम (b) इच्छाद्रुम
(c) इच्छाद्रम (d) इच्छादम

**45. निम्नलिखित शब्दों में कौन-सा शब्द देशज है—**

(a) सुन्दर (b) अँगूठा
(c) फटाफट (d) साइकिल

**निर्देश (प्र.सं. 46-50): नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उचित उत्तर दीजिए—**

क्या आपने कभी महसूस किया है कि किसी सवाल का सही उत्तर मिल जाने के बाद सिर्फ उकताहट के सिवा कुछ बाकी नहीं बचता। इसके बाद सारे रास्ते बन्द से लगने लगते हैं। दूसरी ओर एक गलत जवाब उतना ही रोचक होता है जितना कोई रहस्यमय कत्ल।

मुझे इस बात पर आश्चर्य होता है कि अपने अट्ठाइस वर्षों के अध्यापन के अनुभव में मैंने गलत उत्तरों से कितना कुछ सीखा है। अपनी खुद की और अपने विद्यार्थियों, दोनों द्वारा की गई गलतियों से। अब जब भी कोई विद्यार्थी किसी प्रश्न का गलत उत्तर देता है, तो मैं उससे सबसे पहले यह पूछता हूँ कि उसने ऐसा उत्तर क्या सोचकर दिया?

कला-संकाय के छात्र अक्सर यह शिकायत करते हैं कि विज्ञान-संबंधी परीक्षाएँ उतनी रोमांचक नहीं होतीं क्योंकि उनके प्रश्नों और उत्तरों का सही-सही अनुमान लगाया जा सकता है। यदि व्यक्ति को किसी प्रश्न को हल करने का तरीका पहले से ही मालूम है, तो उसके लिए कोई चुनौती नहीं बचती। यही सही है, भौतिक विज्ञान के शिक्षक बहुत कड़ी मेहनत करते हैं और सुनिश्चित करना चाहते हैं कि उनके विद्यार्थी सही उत्तर तक पहुँच पाएँ।

हालाँकि यह भी अपनी जगह सच है कि भौतिक विज्ञान के शिक्षक के लिए सबसे मजेदार स्थिति तब पैदा होती है जब विद्यार्थी एक ऐसा गलत जवाब दे जिसमें गलती होते हुए भी कुछ सोचने के लिए मजबूर कर देने की क्षमता हो। यही वह स्थिति होती है जब भौतिकी के किसी पहलू पर पकड़ बनाने की कोशिश कर रहे विद्यार्थी के दिमाग की कशमकश को समझा जा सकता है।

बहुत से गलत जवाबों की तह में कुछ सही तथ्य और सोचने की शक्ति छुपी होती है। हो सकता है कि उत्तर देने वाला अपना तर्क सही न दे पाया हो या शिक्षक द्वारा दी गई व्याख्या को सही प्रकार से न समझा गया हो या फिर ऐसा भी हो सकता है कि जिस रूप में उसके समक्ष तथ्य प्रस्तुत किए गए उन्हीं में कोई कमी रह गई हो। हो सकता है कि भौतिक विज्ञान के सहज नियमों को समझने में ही कोई भूल हुई हो।

**46. अनुच्छेद के आधार पर इनमें से कौन-सा कथन गलत है?**

(a) गलत जवाब बच्चों के दिमाग में चल रही चिन्तन प्रक्रिया को उजागर करने की कोशिश करते हैं।
(b) गलत उत्तर से दिमाग में कशमकश होने लगती है।
(c) भौतिक विज्ञान के शिक्षक बच्चों से सही जवाब चाहते थे।
(d) भौतिक विज्ञान के शिक्षक सही उत्तर के लिए बहुत मेहनत करते थे।

**47. कला-संकाय के छात्रों को विज्ञान की परीक्षाएँ उतनी रोमांचक नहीं लगती थीं, क्योंकि—**

(a) विज्ञान की परीक्षाएँ अनुमान लगाने का अवसर नहीं देतीं क्योंकि उसके जवाब तयशुदा हैं।
(b) विज्ञान की परीक्षाओं में चुनौतीपूर्ण प्रश्न होते हैं।
(c) विज्ञान के सभी सवालों के जवाब सुनिश्चित है।
(d) विज्ञान की परीक्षाओं में अच्छे सवाल नहीं होते थे।

**48. लेखक ने अपने और अपने विद्यार्थियों के गलत जवाब से क्या सीखा?**

(a) गलत जवाब देने से रोमांच समाप्त हो जाता है।
(b) लोग गलत जवाब देकर रोमांच महसूस करते हैं।
(c) सवालों के सही जवाब।
(d) लोगों के सोचने के तरीके अलग-अलग होते हैं।

**49. गलत जवाब को रोचक क्यों कहा गया है?**

(a) गलत जवाब पर हँसने को मिलता है।
(b) गलत जवाब प्रश्नकर्ता को सोचने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।
(c) गलत जवाब रोचक ही होते हैं।
(d) गलत जवाब में बेतुकी बातें होती हैं।

**50. गलत जवाब का क्या कारण नहीं हो सकता?**

(a) व्याख्या को सही रूप में प्रस्तुत न करना
(b) नियमों में कमियाँ
(c) तर्क का अभाव, तथ्यों की सही उपलब्धि
(d) समझ न आना

# Answers with Explanations

## SECTION-IA : हिन्दी

1. (a) मुहावरा' शब्द मूलत: अरबी भाषा का शब्द है, जिसका शाब्दिक अर्थ 'अभ्यास करना' है।

2. (d) 'ऐ' के उच्चारण में कण्ठ और तालु की सहायता ली जाती है।

3. (d) जिन वर्णों का उच्चारण स्वतंत्र होता है, उन्हें स्वर कहते हैं। स्वरों की संख्या ग्यारह है, वे इस प्रकार हैं- अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ए, ऐ, ओ तथा औ।

4. (*) हालांकि परीक्षा संस्था UPPRPB ने विकल्प (b) को सही माना है। यदि विकल्प (b) में निरपराधी' के स्थान पर 'निरपराध' होता, तो यह वाक्य शुद्ध होता।

5. (d)

6. (a) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल हिन्दी साहित्य की प्रथम कहानी किशोरी लाल गोस्वामी कृत इन्दुमती (1900 ई.) को मानते हैं। हालांकि हिन्दी की प्रथम कहानी पर विद्वानों में मतभेद है।

7. (c) जहाँ एक ही शब्द एक से अधिक बार आए तथा उनके भिन्न-भिन्न अर्थ हों, वहाँ पर यमक अलंकार होता है।

8. (d)

9. (d) सन् 1955 में साहित्य अकादमी पुरस्कार माखनलाल चतुर्वेदी को उनके कविता-संग्रह 'हिमतरंगिनी' के लिए प्रदान किया गया।

10. (c) 'गबन' मुंशी प्रेमचन्द द्वारा रचित उपन्यास है। गोदान, निर्मला, रंगभूमि, कर्मभूमि, आदि इनके अन्य प्रमुख उपन्यास हैं।

11. (d)

12. (b)

13. (d) 'वह खाता होगा' इस वाक्य में संदिग्ध वर्तमान काल है।

14. (b) ''प्रश्न चिह्नों में उठी हैं, भाग्य - सागर की हिलोरें'' इस काव्य पंक्ति में रूपक अलंकार है।

15. (b) 'पाठक' शब्द का बहुवचन 'पाठकगण' है।

16. (a) 'वह जल्दी चला गया ताकि ट्रेन पकड़ सके।'

17. (a) 'चन्द्रमा' का समानार्थी 'इन्दु' है। अंशु तथा रश्मि किरण के समानार्थी शब्द हैं।

18. (a) महावीर प्रसाद द्विवेदी 'सरस्वती' पत्रिका के सम्पादक थे।

19. (d) 'विघ्न' का समानार्थी शब्द अंतराय है।

20. (c) ''बाँगरू' पश्चिमी हिन्दी उपभाषा वर्ग की बोली के अंतर्गत आती है। इसे 'हरियाणवी' भी कहते हैं। इसका विकास, शौरसेनी अपभ्रंश से हुआ है।

21. (b) 'गुरु' शब्द का स्त्रीलिंग 'गुरुआइन' होता है।

22. (b) 'दूर के ढोल सुहावने लगना' मुहावरे का अर्थ 'अनदेखी वस्तु भाना' होता है।

23. (d) 'खिलौना' शब्द का मूल शब्द 'खेल' है और इसमें औना प्रत्यय का प्रयोग हुआ है।

24. (c) अनिल, मारुत तथा समीर वायु' का समानार्थी शब्द हैं।

25. (a) भाषा के क्षेत्रीय रूप को 'बोली' कहा जाता है।

26. (c) 'नवीन' शब्द का विरुद्धार्थी 'प्राचीन' होता है।

27. (*) 'ढ' वर्ण का उच्चारण स्थान मूर्धा है और इसका ट वर्ग में चौथा स्थान है। यह इस क्रम में है- ट, ठ, ड, ढ, ण है।

**नोट** - प्रश्न संरचना त्रुटिपूर्ण है। प्रश्न की संरचना इस प्रकार होनी चाहिए ढ वर्ण का वर्ग है ......... और वर्ग में स्थान ......... है। परीक्षा संस्था ने विकल्प (d) को सही उत्तर माना है।

28. (a)

29. (c) ''दर्शन'' शब्द सदैव बहुवचन में प्रयुक्त होता है। शेष सभी एकवचन हैं।

30. (c) ''थोड़ा सा दूध गरम कर दो।'' इस वाक्य में 'थोड़ा-सा शब्द' अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण है।

31. (d) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक 'सच्ची मित्रता' है।

32. (b) 'प्रशंसा' का विलोम 'निंदा' है।

33. (d) ड्यूमाज ने मित्रता का मंत्र बताते हुए कहा है कि मित्र द्वारा की गई भलाई को सदैव याद रखना चाहिए।

34. (d) 'धूमिल' शब्द का विपरीत शब्द उज्ज्वल है।

35. (b) ''चौथा व्यक्ति ज्यादा होशियार है।'' इस वाक्य में 'चौथा' संख्यावाचक विशेषण है।

36. (b) ''अंधकार न हो तो प्रकाश को कौन पूछे।''

37. (c) लॉर्ड मैकाले ने अपनी नई शिक्षा नीति के तहत् 1835 ई. में भारत में हिन्दी के स्थान पर अंग्रेजी को शिक्षा का माध्यम और प्रशासन में अपनाया। 1835 के स्थान पर प्रश्न में 1855 लिखा गया है जो कि त्रुटिपूर्ण है।

38. (d) अलंकार के मुख्यत: तीन भेद माने जाते हैं- शब्दालंकार, अर्थालंकार तथा उभयालंकार।

39. (d) 'खिसियानी बिल्ली खम्भा नोचे' इस लोकोक्ति का अर्थ है- खिसियाया हुआ व्यक्ति अपनी खीज या गुस्सा दूसरों पर निकालता है।

40. (b) 'विधात्री' का पुल्लिंग 'विधाता' होता है।

41. (c) 'गरीब' शब्द जातिवाचक संज्ञा है जब किसी शब्द से पूरे समुदाय का बोध हो तो उसे जातिवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे छात्र, गरीब, अमीर, व्यापारी, अधिकारी आदि।

42. (b) जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होते हैं। उन्हें सर्वनाम कहते हैं। जैसे-मैं कल दिल्ली जा रहा हूँ। वाक्य में 'मैं' शब्द सर्वनाम हैं। मैं, तू, आप, वह, जो, सो, कोई, कुछ, कौन, क्या आदि सर्वनाम हैं।

हिन्दी में सर्वनाम के छ: (6) भेद हैं-

1. पुरुषवाचक
2. निजवाचक
3. निश्चयवाचक
4. अनिश्चयवाचक
5. सम्बन्धवाचक
6. प्रश्नवाचक

43. (b) हिन्दी में कुछ शब्द एक से अधिक अर्थ वाले होते हैं, उन्हीं को अनेकार्थक या अनेकार्थी शब्द कहते हैं। जैसे- 'अंक' शब्द का अनेकार्थी- गोद, संख्या अध्याय आदि होगा। शेष विकल्प असंगत हैं।

44. (c) 45. (c)

46. (b) दिमाग में कशमकश तब अधिक होती है जब कोई विद्यार्थी किसी पहलू पर पकड़ बनाने की कोशिश कर रहा होता है। अत: विकल्प का कथन (b) गलत है।

47. (c) एक तरफ विज्ञान के सभी सवालों के जवाब सुनिश्चित होते हैं जबकि कला संकाय के सवालों के जवाब अलग-अलग तरह से दिए जा सकते हैं, जो रोमांचक होते हैं।

48. (d) विद्यार्थियों द्वारा दिए गए गलत जवाब से लेखक ने यह सीखा कि लोगों के सोचने के तरीके अलग-अलग होते हैं।

49. (b) गलत जवाब को रोचक इसलिए कहा गया है, क्योंकि ऐसा जवाब प्रश्नकर्ता को यह सोचने के लिए प्रेरित कर सकता है कि उसने यह जवाब आखिर क्यों दिया?

50. (b) नियमों में कमियाँ रह जाना, गलत जवाब का मुख्य कारण नहीं हो सकता। उसके अन्य कारण अपेक्षाकृत अधिक प्रबल होते हैं, जैसे-व्याख्या को सही रूप में प्रस्तुत न करना, तर्क का अभाव, तथ्यों की सही उपलब्धि, समझ में न आना, इत्यादि।